**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–15.08.2025 (संध्या–1845 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- उनासीवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने लालकिले पर राष्ट्रध्वज फहराया, कहा–जनजातीय क्षेत्रों को नक्सलवाद से मुक्त कर बिरसा मुंडा को दी सच्ची श्रद्धांजलि।
- अवैध घुसपैठियों को प्रधानमंत्री ने बताया बड़ा संकट, कहा–ये आदिवासियों की जमीन पर कर रहे हैं कब्जा, निपटने के लिए हाईपावर मिशन शुरू करने की घोषणा की।
- दिवंगत शिबू सोरेन का संस्कार भोज कल, मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा, केंद्रीय मंत्री समेत विभिन्न राज्यों के मंत्री हो सकते हैं शामिल।
- गढ़वा जिले के नवादा में जहरीली गैस रिसने के कारण तीन सगे भाईयों समेत चार लोगों की मौत, सेप्टिक टैंक में उतरकर काम करने के दौरान हुआ हादसा।
- मौसम विभाग का पूर्वानुमान इक्कीस अगस्त तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना, आंधी और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी।

******************

राष्ट्र आज उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर पर राष्ट्रध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की नींद अभी उड़ी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने तय कर लिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों को नक्सलवाद से मुक्त करके और इन क्षेत्रों के परिवार के नौजवानों की जिंदगी बचा कर, हमने भगवान बिरसा मुंडा को उनकी 150वीं जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

प्रधानमंत्री ने घुसपैठ के कारण आबादी के स्वरूप में बदलाव को देश के समक्ष एक गंभीर चुनौती बताते हुए समयबद्ध तरीके से इससे निपटने के लिए उच्च अधिकार प्राप्त डेमोग्राफी मिशन के गठन की घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने आज से 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' शुरू करने की भी घोषणा की।

******************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने आज रांची के मोरहाबादी मैदान में झंडोतोलन किया। इस अवसर पर उन्होंने सशस्त्र बल के संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। अपने सम्बोधन ने राज्यपाल ने राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। श्री गंगवार ने कहा कि नक्सलियों से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं।

इस मौके पर श्री गंगवार ने स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदों और दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी नमन किया।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उनासीवें स्वतंत्रता दिवस पर अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इधर, विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्र नाथ महतो ने रांची स्थित विधानसभा में झंडा फहराया और लोगों को सम्बोधित किया।

******************

राज्य सरकार के विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों ने अपने–अपने जिलों में राष्ट्रध्वज फहराया और मिलीजुली परेड की सलामी ली। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पलामू में ध्वजारोहण किया और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई, वहीं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह में झंडोतोलन किया। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लोहरदगा में झंडोतोलन किया, जबकि कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने गुमला में ध्वजारोहण किया। वहीं ग्रामीण

विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पाकुड़ में ध्वजारोहण के बाद बेहतर सेवा देने वाले अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया। पश्चिमी सिंहभूम के जिला मुख्यालय चाईबासा में परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने राष्ट्रध्वज फहराया। इस मौके पर श्री बिरूवा ने कहा कि सड़क सुरक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

जामताड़ा जिले में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मिली जुली परेड की सलामी ली, जबकि बोकारो के पुलिस लाइन मैदान में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया। इसके अलावा विभिन्न जिलों में उपायुक्तों ने झंडोत्तोलन किया।

*******************

आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र रांची में उप महानिदेशक अभियांत्रिकी दुर्गाचरण हेम्ब्रम ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान आकाशवाणी के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। मौके पर कार्यालय प्रमुख ने देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका से अवगत कराया।

*******************

उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल ने ध्वजारोहण किया। इससे पहले उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी दी। परेड में सुरक्षा बलों के विभिन्न टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में प्रमंडलीय आयुक्त ने राज्य के वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उन्होंने कहा कि झारखंड तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है।

*******************

उन्नासीवें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य में स्थित सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में भी कार्यालय प्रमुखों ने ध्वजारोहण किया। सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने रांची के गांधी नगर कॉलोनी में ध्वजारोहण किया, जबकि सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह निदेशक मनोज कुमार ने तिरंगा फहराया।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का कल रामगढ़ के नेमरा में संस्कार भोज का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसमें केंद्र सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य नेता भी इस भोज में शामिल होंगे। इससे पहले आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नेमरा में संस्कार भोज की तैयारियों का जायजा लिया और दशकर्म का अनुष्ठान किया।

*******************

गढ़वा जिले के नवादा गांव में आज सेप्टिक टैंक में उतरने के दौरान एक ही परिवार के तीन सदस्य समेत चार लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया और गढ़वा सदर अस्पताल ले गये। हांलाकि चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया।

*******************

चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड के धनखेरी क्लस्टर लेवल फेडरेशन को केन्द्र सरकार ने आत्मनिर्भर संगठन पुरस्कार प्रदान किया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

*******************

राज्य में मॉनसून गतिविधि सामान्य है और इक्कीस अगस्त तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने अठारह अगस्त तक आंधी और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की है। वहीं उन्नीस अगस्त को राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं–कहीं भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। अब तक राज्य में सामान्य से चौतीस फीसदी अधिक बारिश हुई है।

*******समाप्त********